
हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 27 अक्टूबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 सामूहिक के बाद अब सामाजिक शराबबंदी ...



07 सामाजिक समरसता का प्रतीक बना अन्नकूट ...



## खबर संक्षेप

### जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन 20-21 दिसंबर को

**सागर।** अखिल भारतीय जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन का 22 वें वर्ष का आयोजन संजोग समिति सागर के द्वारा 20 और 21 दिसंबर को आदर्श गार्डन सागर में होने जा रहा है। इस वर्ष पत्रिका में भारतवर्ष से 1500 से अधिक युवक युवतियों की प्रविष्टि शामिल होने का अनुमान है। समिति के अध्यक्ष राकेश जैन निश्चय ने बताया कि लगातार 22 वर्षों से यह कार्यक्रम संजोग समिति के द्वारा आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी यह कार्यक्रम बड़े भव्य और आकर्षक तरीके से किया जायेगा। युवक युवतियों का परिचय बायोडाटा रंगीन पुस्तक में प्रकाशित जा रहा है पुस्तिका में प्रकाशनार्थ 800 का शुल्क निर्धारित किया गया है। संजोग समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को अलग-अलग जवाबदारियाँ दी गई है। समिति के सदस्यों ने सभी स्थानों पर जाकर प्रविष्टियां एकत्रित करना शुरू कर दिया है। इस बार प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 20 नवंबर रखी गई है समिति की वेबसाइट एवं ऑनलाइन प्रविष्टि भी आना प्रारंभ हो गई हैं।

### 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 1 नवंबर से

**सागर।** पांच दिवसीय 69वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स एवं क्रिकेट शालेय क्रीडा प्रतियोगिता एक नवंबर से शुरू होगी जोकि होगी 5 नवंबर तक चलेगी। प्रतियोगिता के लिए कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने बताया कि प्रतियोगिता 01 नवंबर से 05 नवंबर तक चलेगी जिसमें 19 वर्ष बालक/बालिका एथलेटिक्स एवं 17 वर्ष बालिका में क्रिकेट के खेल खेले जाएंगे। अरविंद जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में सहभागी संभाग भोपाल, ग्वालियर, इंदौर,जबलपुर ,जन जाती कार्य विभाग, नर्मदापुरम संभाग, रीवा, संभाग, सागर एवं उज्जैन संभाग के लगभग एक हजार से अधिक प्रतियोगी शामिल होगे। जैन ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता सिटी स्टेडियम एवं विश्वविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित होगी जबकि ऐसे लेटेस्ट की सभी प्रतियोगिताएं खेल परिसर में आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी जैन ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए एक दर्जन से अधिक समितियां का गठन किया गया है जिसमें प्राचार्य शिक्षक एवं खेल शिक्षक सहित अन्य अधिकारी शामिल है जो कि अपने दिए गए निर्देशों का अक्षर सा पालन करते हुए प्रतियोगिता को संपन्न करेंगे। उन्होंने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर प्रतियोगिओं को आवास स्थल से खेल मैदान तक लाने ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था भी कराई गई है एवं उनके आवास की व्यवस्था भी की गई है।

### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा

**सागर।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता हे। आयुष्मान कार्ड से वे निजी अस्पताल में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते है। राज्य शासन ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना चलाकर अनेक जरूरतमंद लोगो की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार सबित हुई है।

कैंपा फंड से दिया गया है बजट, जल्द शुरू होगी चीते लाने की तैयारियां


# वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीतों की बसाहट के लिए 4 करोड़ से बनेंगे क्वारेंटाइन बोमा, चीते आने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

क्षेत्रफल में प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीतों की बसाहट के लिए नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) ने तैयारियों के लिए सेंट्रल कैपा फंड से बजट दे दिया है। सागर और दमोह जिले में फैले टाइगर रिजर्व में 4 क्वारेंटाइन बोमा और 1 सॉफ्ट रिलीज बोमा तैयार किए जाएंगे। 15 साल पहले चीतों की बसाहट के लिए सर्वे हुआ था। उस समय नौरादेही अभयारण्य था। इसकी तीन रेंज मुहली, सिंहपुर और झापन को चीता की बसाहट के अनुकूल माना गया था। वन विभाग सूत्रों के मुताबिक सिंघपुर रेंज को क्वारंटीन बोमा साइट के रूप में चुना जा सकता है। यह देश का ऐसा पहला टाइगर रिजर्व होगा जहां बाघ, तेंदुए व चीते एक ही जगह देखे जाएंगे।

भारतीय वन्य जीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) देहरादून की टीम ने चीते की बसाहट के लिए दो नए स्थान चिन्हित किए थे। उनमें गुजरात के बन्नी ग्रासलैंड रिजर्व के अलावा सागर के इस टाइगर रिजर्व को शामिल किया गया है। डब्ल्यूआईआई भारत के चीता प्रोजेक्ट की नोडल एजेंसी भी है। अगले वर्ष तक यहां चीते आने की उम्मीद है। ऐसा होता है तो वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व देश का पहला ऐसा वाइल्ड लाइफ एरिया होगा जहां बिग केट फैमिली के तीन सदस्य एक साथ होंगे। अभी रिजर्व में टाइगर और तेंदुए की बसाहट है। चीतों के आने से इस परिवार की तीन प्रजातियां हो जाएंगी।

डब्ल्यूआईआई ने देश में सबसे पहले सागर के इस टाइगर रिजर्व को चिह्नित किया था। वर्ष 2010 में यहां पहला सर्वे



हुआ था। राष्ट्रीय बाध संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के डीआईजी डॉ. वीवी माथुर और डब्ल्यूआईआई के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी के साथ वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व की तीनों रेंज मुहली, झापन और सिंहपुर का दो दिन तक मैदानी मुआयना किया था।

### राजस्थान या गुजरात नहीं, अब एमपी में ही बढ़ेगी चीता आबादी

एनटीसीए ने स्पष्ट किया है कि अगली बसाहट राजस्थान या गुजरात में नहीं होगी। चीतों की संख्या मध्यप्रदेश में ही बढ़ाई जाएगी। संभावना है कि अगले साल दक्षिण अफ्रीका से अगली खेप लाई जाए। अगर अफ्रीका से चीते नहीं आते, तो कूनो में जन्मे शावक, जो अगले साल तक एडल्ट हो जाएंगे, उन्हें नौरादेही शिफ्ट किया जाएगा। मंजूरी पहले से हैं, बजट अभी मिला है, पीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ) शुभ रंजन सेन ने बताया कि नौरादेही को शुरुआत से ही चीता आवास के रूप में चिह्नित किया गया था। जब कूनों में चीते लाए गए थे तभी सर्वे के आधार पर नौरादेही में शिफ्टिंग की मंजूरी लगभग मिल चुकी थी। जो बजट मिला है उससे 4 क्वारेंटाइन बोमा और 1 सॉफ्ट रिलीज बोमा के अलावा अन्य तैयारियां की जाएंगी।

### घास मैदान, पर्याप्त आहार और बड़ा एरिया होने से संघर्ष का खतरा कम

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नौरादेही क्षेत्र में काफी पहले चीतों के प्राकृतिक वास के प्रमाण मिले हैं। यहां घास के खुले मैदान हैं। नौरादेही से गांवों के विस्थापन के साथ मैदान और फैल रहे हैं। यहां चीते लंबी दौड़ के साथ शिकार कर सकते हैं। टाइगर रिजर्व का कोर एरिया-1414 वर्ग किमी है। बफर एरिया- 925.120 वर्ग किमी का है। चीतों को रखने के लिए मैदान चिन्हित भी किए जा रहे हैं। यह क्षेत्रफल के लिहाज से प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। टाइगर रिजर्व में चीतों को शिकार के लिए चिंकारा, चीतल व काले हिरण की पर्याप्त संख्या है। यही वजह है कि यहां बाघों का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है। चीतों की यहां बाघ-बाधिन से टकराव जैसी स्थिति बनने की आशंका नहीं है। बाघ बड़े जानवरों का शिकार करता है, जबकि चीता छोटे शाकाहारी वन्य जीवों से पेट भरता है। देश के किसी भी टाइगर रिजर्व में बाघ, तेंदुआ व चीते एक ही जगह पर देखने नहीं मिलते। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में ऐसा होने जा रहा है।



## कांग्रेस सेवादल परिवार का 75वां ध्वजवंदन कार्यक्रम आन बान शान से हुआ संपन्न

**सागर।** अक्टूबर माह के इस अंतिम रविवार को शहर कांग्रेस सेवादल परिवार का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम पंतनगर वार्ड, काकागंज वार्ड और सूबेदार वार्ड के संगम स्थल गोला कुंआ पर राज्यपाल पुरुस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक अवध बिहारी बिल्थरे के करकमलों से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के साथ प्रदेश कांग्रेस सेवादल के महासचिव विजय साहू प्रमुख रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अवध बिहारी बिल्थरे ने कहा कि कांग्रेस सेवादल परिवार ने आजादी की लड़ाई से लेकर आज तक देश के लोगों के दिलों में सेवा, समर्पण और एकता का दीप जलाए रखा है। सेवादल का मतलब ही है सेवा के माध्यम से देशभक्ति। सेवादल आज भी वही है, वहीं आत्मा, वहीं जज्बा वहीं निष्ठा। फर्क बस इतना है कि अब हमें दोहरी लड़ाई लड़नी है एक झूठ और नफ़रत के खिलाफ,और दूसरी अपने आलस्य के खिलाफ। मुख्य अतिथि ने देश, प्रदेश और शहर की समस्याओं को लेकर भी अपनी चिंता जाहिर की। कार्यक्रम के आयोजक शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने 75 वें मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त किया और संकल्प लिया कि आप सभी के आर्शिवाद और शुभकामनाओ से अगर 100 वां आयोजन करने का मुझे मौका मिला तो वह आयोजन ऐतिहासिक होगा। कार्यक्रम का संचालन द्वारका चौधरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी रामनाथ यादव, प्रदीप गुप्ता, लक्ष्मीनारायण सोनकिया, औंकार साहू, राजाराम सरवैया, डा.दिनेश पटेरिया, चमन अंसारी,वसीम खान, हरिश्चंद्र सोनवार, योगराज कोरी, नितिन पचौरी आदि उपस्थित रहे।



## डॉ उमाशंकर शुक्ल ने राजनीति में कभी झुकना स्वीकार नहीं किया: सुरेश आचार्य

**सागर।** सागर के वरिष्ठ पत्रकार रहे एवं समाजसेवी डॉ. उमाशंकर शुक्ल की स्मृति का आयोजन आज श्यामलम संस्था के तत्वाधान में सिविल लाइन स्थित होटल में किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक पं. सुखदेव प्रसाद तिवारी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज वादी विचारक एवं अधिवक्ता जवाहर अग्निहोत्री ने की। सारस्वत अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के हिंदी के पूर्व विभाग अध्यक्ष डॉ. सुरेश आचार्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन सागर के अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी उपस्थित रहे। कार्यक्रम परिचय देते हुए श्यामलम संस्था के अध्यक्ष उमाकांत मिश्र नें स्मृति आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। सरस्वती वंदना डाँ नलिन जैन बिट्टी नें की। इस अवसर पर बीमारी के कारण, लम्बे अंतराल के बाद डा. शुक्ला के प्रति आत्मीय भाव से पधारे सारस्वतअतिथि डॉ. सुरेश आचार्य ने कहा कि उमाशंकर शुक्ल की बुंदेली भाषा पर अच्छी पकड़ थी। राजनीति में उन्होंने कभी झुकना स्वीकार नहीं किया। मुख्य अतिथि शुकदेव प्रसाद तिवारी ने कहा कि डॉ शुक्ला से मेरे मित्रवत संबंध रहे हैं,उनके द्वारा लिखी गई कहानियाँ हमेशा जीवंत रहेंगी। विशिष्ट अतिथि आशीष ज्योतिषी ने कहा कि उस समय के साहित्यकार ही पत्रकार होते थे, उनके अंदर मानवीय संवेदनाएं होती थी। मुझे लगता है कि उनके अंदर के अक्खड़ स्वभाव ने उन्हें राजनीति में स्थान बनाने से रोका।

## मोतीनगर चौराहा से संविधान चौक धर्मश्री सड़क चौड़ीकरण कार्य में बाधक अतिक्रमण हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मोतीनगर चौराहा से संविधान चौक धर्मश्री सड़कमार्ग में मोतीनगर चौराहे के पास स्थित एक बड़ा अतिक्रमण दसकों से बॉटल नेक बनाकर यातायात सुगम बनाने में बाधक बन रहा था। मोतीनगर चौराहा से संविधान चौक धर्मश्री सड़कमार्ग चौड़ीकरण के दौरान निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने समक्ष में खड़े होकर रविवार को उक्त अतिक्रमण को हटवाने की कार्यवाही करायी। दोपहर लगभग 12 बजे से 3 बजे तक चली इस कार्यवाही के दौरान दो जेसीबी और पोकलिन मशीनों की मदद से उक्त अतिक्रमण को गिराया गया। इसके साथ ही निगमायुक्त ने धर्मश्री से शीतलामता तिराहा होते हुए मोती नगर चौराहे तक रोड चौड़ीकरण में बाधक बन रहे समस्त अतिक्रमणों का नाप कराकर चिन्हाकन कराया। निगमायुक्त ने स्थानीय रहवासियों से स्वयं अपना अतिक्रमण हटाने की अपील की। निगमायुक्त की पहल पर निशान लगने के बाद बहुत से स्थानीय रहवासियों द्वारा स्वयं



अपना अतिक्रमण हटाने का कार्य प्रारम्भ किया गया और सड़क चौड़ीकरण व शहर विकास में सहयोग दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है की मोतीनगर चौराहे से धर्मश्री की ओर जाने वाले मार्ग पर इस रोड के चौराहे से कनेक्टिंग पॉइंट पर लम्बे समय से उक्त अतिक्रमण के कारण यातायात समस्या और ट्रैफिक जाम की स्थिति लगातार निर्मित होती रहती थी। मोतीनगर चौराहा शहर का एक बड़ा चौराहा होने के बाबजूद इस रोड की ओर चौराहे पर बने इस बड़े अतिक्रमण के कारण एक बॉटल नेक बनता था इससे वाहनचालक अक्सर ट्रैफिक जाम की समस्या से परेशान होते थे। मोतीनगर चौराहे के इस अतिक्रमण के हटने से व्यवस्थित लेफ्टटर्न सहित पर्याप्त चौड़ी रोड का निर्माण किया जा सकेगा। शहर में आवागमन को सुगम सरल बनाने हेतु विभिन्न प्रयासों के तहत यह भी एक सकारात्मक प्रयास है उक्त बॉटल नेक की समस्या को दूर करने और मोतीनगर चौराहे से धर्मश्री तक एक ओर से दूसरे ओर तक पर्याप्त चौड़ी व सुव्यवस्थित सड़क का निर्माण होने से बेहतर आवागमन सुविधा मिलने के साथ ही मोतीनगर चौराहे के स्वरूप में भी सकारात्मक परिवर्तन देखने मिलेगा चौराहे पर वाहनों का आवगमन सुगम होगा।

## एक कवि लोकमंगल के भाव लिए प्रण प्राण से गीत रचता है: डॉ बारेलाल जैन

**सागर।** इस संस्था के संस्थापक स्व. मणीकांत चौबे 'बेलिहाज' द्वारा स्थापित इस साहित्य पटल ने सदा अराजकता, अनीति, भ्रष्टाचार आदि का विरोध करते हुए, सत्य, अहिंसा, प्रेम, सद्भाव, समरसता आदि के प्रसारण का सद्कार्य किया है। इस साहित्यिक मंच ने संगोष्ठी के माध्यम से जनता को आशा, उमंग व उत्साह की प्रेरणा देते हुए, सन्मार्ग पर चलते रहने की प्रेरणा व शक्ति दी है। यह बात रीवा से डॉ. बारेलाल जैन 'लाल' ने कही, वह बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की निरंतर साप्ताहिक 1606 वीं और ऑनलाइन 284 वीं काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि साहित्यकार निर्भीक होता है, वह किसी से नहीं डरता, वह अपनी रचना के माध्यम से लोक मंगल के भाव लिए प्रण प्राण से गीत रचता है। रायसेन से चित्रा चतुर्वेदी ने काव्य संगोष्ठी का कुशल संचालन किया। सागर से देवकीनदंन रावत ने भक्ति भाव से सस्वर माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इसके पूर्व अपने स्वागत भाषण में सागर से अमित मणीकांत चौबे ने स्वागत की परंपरा का निर्वाह करते हुए, दीपोत्सव के पंच दिवसीय त्योहार की सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सर्व समाज की सुख समृद्धि के साथ प्रेम, सद्भाव, मैत्री, सहयोग, समरसता भाव से सदा युक्त रहने की मंगल कामनाएं प्रेषित की और गोष्ठी के अंत में समस्त उपस्थितों का आभार भी व्यक्त किया। इस गोष्ठी में काव्य पाठ हेतु नागपुर से मंजूषा किंजवाडकर, रीवा से डॉ जिनेश जैन संघर्षी, दमोह से विमला तिवारी, टीकमगढ़ से राजेन्द्र चतुर्वेदी लालजी, पृथ्वीपुर से विनोद वर्मा दर्द तथा बड़ा मलहरा से डॉ देवदत्त द्विवेदी सरस, सागर से साहित्य मनीषीगण डॉ सीताराम श्रीवास्तव भावुक, पूरन सिंह राजपूत, नईम माहिर ने काव्यपाठ किया। संगोष्ठी में उपस्थित साहित्य मनीषी व प्रबुद्धजनों में सागर के सम्माननीय साहित्य-मनीषी एल.एन. चौरसिया, एड के के सिलाकारी, पं शुकदेव तिवारी, कृष्णकांत बख्शी, डा श्याम मनोहर सिरोठिया, मणिदेव ठाकुर, अजय सराफ, उमाकांत मिश्र श्यामलम, डॉ योगेश दत्त तिवारी आदि उपस्थित रहे और कवियों का उत्साह वर्धन किया।

क्षत्रिय महासभा जिला सागर का दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न

# जैसीनगर का नाम यथावत रखने पर क्षत्रिय महासभा ने सीएम डॉ. मोहन यादव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जैसीनगर का नाम यथावत रखने के लिए पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह के आग्रह पर क्षत्रिय महासभा जिला सागर ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

दीपावली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि अभी हमारे समाज की नई पीढ़ी को क्षत्रिय समाज का इतिहास नहीं पता। इस पर जो जानकार, विद्वान और बुजुर्ग लोग हैं उनसे सहयोग लेकर एक पुस्तक लिखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो समाज या देश अपने इतिहास को नहीं जानता, वह हमेशा गुलामी के मार्ग पर जाता है या रास्ते से भटक जाता है। हमारा गौरवशाली इतिहास हमें सम्मान और स्वाभिमान के मार्ग पर ले जाता है। उन्होंने कहा कि हमें क्षत्रिय समाज के युवक-युवतियों के परिचय को लेकर एक वैवाहिक पत्रिका भी निकालना है। इसके लिए समाज के लोग बच्चे-बच्चियों का बायोडाटा तैयार करायें और चाहें तो हमारे कार्यालय में भी भेज सकते हैं। कोशिश हो कि क्षत्रिय महासभा की अगली बैठक में हम इस पत्रिका का विमोचन कर सकें। भूपेन्द्र सिंह ने क्षत्रिय महासभा द्वारा गठित की गई विभिन्न समितियों के संयोजकों से चर्चा कर बताया कि उन्हें किस तरह की जिम्मेदारी निभाना है जिससे समाज के लोग





लाभान्वित हो सकें। भूपेन्द्र सिंह ने विगत एक वर्ष में सम्पन्न हुए क्षत्रिय महासभा के कार्यक्रमों में समाज के नागरिकों की सक्रियता पर खुशी जाहिर करते हुए सभी को बधाई और धन्यवाद ज्ञापित किया। पिछले लगभग एक साल में समाज के नागरिकों ने जिस सक्रियता से कार्य किया है उसके लिए मैं समाज को बधाई और धन्यवाद देता हूँ। उन्होनें कहा कि हम सबका उद्देश्य है कि क्षत्रिय समाज आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक रूप से सशक्त बने। जहाँ पर भी समाज का विषय आता है तो हम सब एकता का परिचय दें। लेकिन समाज में अगर कोई गलती करता है तो उसका समर्थन भी नहीं करना है क्योंकि इससे गलत संदेश जाता है। उन्होंने कहा कि यह हमारी एकता का ही प्रभाव है कि जो लोग कल तक महाराणा प्रताप की बात नहीं करते थे वे आज महाराणा प्रताप की प्रतिमा और भवन की बात करने लगे हैं। जो लोग कल तक सागर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने के स्थान का विरोध कर रहे थे, आज वे ही कह रहे हैं कि हाँ सिटी स्टेडियम के सामने का स्थान सही है।

उन्होंने कहा कि हमें समाज में राजनीति नहीं करना है और समाज के अन्दर राजनीति होना भी नहीं चाहिए। राजनीति करने के लिए तो अलग क्षेत्र है ही। समाज का काम पवित्रता, सही भाव और सही उद्देश्य के साथ होना चाहिए। समाज में भाषणों से काम नहीं चलता। समाज सब जानता, समझता है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज सभी को लेकर चलने वाला समाज है। क्षत्रिय की पूजा इसलिए होती है क्योंकि क्षत्रिय ने हमेशा देश के लिए, समाज के लिए अगर त्याग करने का काम किसी ने किया है तो वह क्षत्रिय ने ही किया है। ऐसी घटनाओं से इतिहास भरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सारे अधिकार जनता से प्राप्त होते हैं इसलिए जनता में हमारी स्वीकार्यता हो। भगवान राम हमारे आदर्श हैं। भगवान राम जब वन में गए थे तो वन में ही उन्होनें अपनी सेना बनाई थी और इसी सेना से उन्हांने लंका पर विजय पाई थी। इसलिए आप गाँव में सबको जोड़ें।

इसके पूर्व दीपावली मिलन समारोह में क्षत्रिय महासभा जिला सागर के अध्यक्ष लखन सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने जानकारी दी कि क्षत्रिय महासभा जिला सागर में भूपेन्द्र सिंह सोलंकी सिगदौनी बण्डा को युवा अध्यक्ष, राहुल सिंह राजपूत चौरा को महामंत्री एवं देवेन्द्र सिंह राजपूत बिजौरा देवरी को क्षत्रिय महासभा की वरिष्ठ कार्यकारिणी में महामंत्री नियुक्त किया गया। पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह ने भी संबोधित किया। तदोपरांत पिछले दिनों गठित विभिन्न समितियों के संयोजक बलवन्त सिंह ठाकुर, इन्द्राज सिंह ठाकुर, अजब सिंह ठाकुर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, सौदान सिंह, ने भी अपने विचार रखे।



## विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने शास्त्री वार्ड में सुनी जनता की समस्याएं, दिए समाधान के निर्देश

**सागर।** विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने रविवार को शास्त्री वार्ड का भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। उल्लेखनीय है कि विधायक जैन यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ सुनने के लिए शास्त्री वार्ड पहुंचे थे। कार्यक्रम के उपरांत उन्होंने क्षेत्र के लोगों से संवाद किया, जहां नागरिकों ने सड़क निर्माण और बिजली के खंभे लगाए जाने जैसी समस्याएं सामने रखीं। इस पर विधायक जैन ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अविलंब कार्यवाही करने के निर्देश दिए और कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी कोई भी समस्या लंबित नहीं रहनी चाहिए।

## सहकारी समितियों का पंजीयन केवल ऑनलाइन

**सागर।** जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि समितियों के पंजीयन के लिए विभागीय ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने के लिए आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। आवेदक को पोर्टल पर अपना लॉग इन क्रिएट करना होगा। लॉग इन क्रिएट करने के लिए आधार से लिंक मोबाईल नंबर प्रविष्टि कर ओटीपी सत्यापन होगा। प्रस्तावित संस्था की जानकारी एवं प्रथम आवेदन की जानकारी भरकर पासवर्ड निर्मित करेगा। तत्पश्चात आवेदक का लॉगिन निर्मित हो जायेगा। अंशपूंजी का मूल्य दर्ज करके प्रस्तावित सदस्यों के फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर तदर्थ कमेटी नामांकित कर दस्तावेज अपलोड कर अंशों का मूल्य एवं सदस्यता प्रवेश शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करेगा। आधार नंबर से आईडी जनरेट होगा और आवेदक का ई-साईन कर आवेदन ऑनलाईन जमा करना होगा।

## खबर संक्षेप

### एक निरीक्षक व छह उप निरीक्षकों के क्षेत्र बदले

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए ने एक निरीक्षक व छह उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस विभाग से जारी सूची के अनुसार निरीक्षक राजीव कुमार वैश को प्रभारी निरीक्षक नाराहट से प्रभारी निरीक्षक जखौरा, उ.नि.पारूल चन्देल को थानाध्यक्ष सौजना से थानाध्यक्ष नाराहट, उ.नि. अजय पाल को थाना सौजना से थानाध्यक्ष सौजना, उ.नि.वरूण कुमार गौतम को थाना सौजना से थानाध्यक्ष बालाबेहट, उ.नि.अनीता देवी को महिला थाना ललितपुर से थानाध्यक्ष महिला थाना ललितपुर, उ.नि.अजीत सिंह को थानाध्यक्ष बालाबेहट से पुलिस लाईन (गैर जनपद स्थानान्तरण पर कार्यमुक्त के लिए) व उ.नि. स्वाति शुक्ला को थानाध्यक्ष महिला थाना ललितपुर से पुलिस लाईन (गैर जनपद स्थानान्तरण पर कार्यमुक्त हेतु) भेजा गया है।

### दुकान में तोड़फोड़ कर कर्मचारी से की मारपीट

**ललितपुर।** मोहल्ला नदीपुरा में रहने वाले खालिद खान उर्फ समीर पुत्र नबाव खान ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह घण्टाघर के पास स्थित मयंक इलैक्ट्रॉनिक्स पर कार्यरत है। बताया कि 14 अक्टूबर को रात करीब 8.40 बजे दुकान पर था। तभी तालाबपुरा निवासी समीर, सोहिल, अयान उर्फ अन्नू पुत्रगण हारून खान अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ एकराय होकर उसकी दुकान पर आये और अभद्र भाषा में गालियां देने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने एकराय होकर उसके साथ लाठी-डण्डों व लात-घूसों से मारपीट कर दी। हमले के दौरान उसे हाथ व शरीर में चोटें आयीं। दुकान पर मौजूद स्टाफ ने जब बीच-बचाव किया तो उक्त लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर पुलिस को दी। पुलिस को आता देख उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये दुकान में तोडफ़ोड़ करके भाग गये। पूरा घटनाक्रम दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर फआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बर्तन खरीदने गई महिला का पेंडल चोरी

**ललितपुर।** सिद्धंनपुरा निवासी हेमकुंवर पत्नी स्व.मनोहरसिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 18 अक्टूबर को शाम करीब 4 बजे वह अपने पुत्र नितिन के साथ सराफा की दुकान से सोने का पेण्डिल लेकर पहले रसिया बैग की दुकान पर गयी, इसके बाद कटरा बाजार स्थित वर्तन की दुकान पर पहुंची, जहां उसने वर्तन खरीदे। आरोप है कि इसी दौरान उसके बैग से सोने का पेण्डिल चोरी हो गया, जो कि वर्तन वाले की दुकान पर लगे सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है, जिसमें दो नकाबपोश औरतें उसे घेरकर उलझाकर सोने का पेण्डिल चोरी कर ले गयीं। मामले की सूचना पीड़िता ने तत्काल डायल 112 पर भी दर्ज करायी थी। पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच कर कार्यवाही किये जाने की मांग।

### किसान सम्मान व हित में ध्यान में रखते हुए खाद वितरण के कड़े निर्देश

# सोशल मीडिया पर जनता की मांग पर रविवार को कलेक्टर पहुंचे पलेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

चाहे जिले के हित का कार्य हो, किसान हित कार्य हो, आमजन हित का कार्य हो या शासन की कोई योजना या अभियान हो। हर कार्य व अभियान को एक टास्क के रूप में लेकर पूरी तत्परता व गंभीरता से पूरा करने का प्रयास करते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय पर न तो रविवार के अवकाश का फर्क पड़ता है और न ही त्यौहार होने का असर होता है। यह बात एक बार पुनः साबित करते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से ज़ब पलेरा नगर की जनता ने सोशल मीडिया के माध्यम से मांग करते हुए पलेरा में भी अन्य जिले की तरह खाद वितरण की सुचारु व्यवस्था का निरिक्षण करने की मांग की तो कलेक्टर श्रोत्रिय ने कार्यरत दिनों में अपनी व्यस्तता के चलते रविवार अवकाश के दिन पलेरा का दौरा किया और खाद वितरण को लेकर अधिकारियो की बैठक ली।

पलेरा दौरा के दौरान जिला कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने रविवार अवकाश के दिन सहकारी समितियों का निरीक्षण कर खाद वितरण व्यवस्था की समीक्षा की और किसानों से सीधे संवाद किया। कलेक्टर श्रोत्रिय ने किसानों को भरोसा दिलाया कि जिले में किसी भी किसान को खाद के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सभी को उनकी जरूरत के अनुसार समय पर खाद उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि जिले में खाद वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए टोकन प्रणाली लागू की गई है, जिससे किसानों को लाइन में लगने की जरूरत नहीं पड़ेगी और उन्हें तय समय पर खाद मिल रही है। उन्होंने बैठक कर अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि खाद वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी न होने पाए। अन्यथा जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी को बहुत भारी पड़ेगा। लापरवाही या अनियमितता होने पर संबंधित के बिरुद्ध कड़ी व त्वरित कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रोतिय ने खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए पहले ही दो लोगों पर मामला दर्ज कराया था, और कई टन खाद बरामद की थी। उन्होंने साफ शब्दों में दो टूक कहा कि मेरे कार्यकाल में खाद की कालाबाजारी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए उन्होंने सेक्टर वार अधिकारियों की नियुक्ति की है, जो लगातार समितियों पर निगरानी रख रहे हैं और वितरण प्रक्रिया की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

#### नगर परिषद कार्यालय में बैठक आयोजित

खाद वितरण व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने नगर परिषद कार्यालय के सभा कक्ष में तमाम अधिकारियो एवं समिति प्रबंधकों के साथ बैठक आयोजित करते हुए खाद वितरण को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डिफॉल्टर एवं राष्ट्रीयकृत बैंकों के क्रेडिट कार्डधारक किसानों को भी सहकारी समितियों से नगद रुपए देने पर डीएपी और यूरिया मिलेगा। खाद बेचने की जानकारी सोसायटी को अपने रजिस्टर व किसान की ऋण पुस्तिका में दर्ज करनी होगी। ऐसा होने पर किसान बाजार में महंगे दाम पर यूरिया व डीएपी खरीदने से तो बचेगा, साथ ही खाद की कालाबाजारी भी नहीं हो सकेगी। इसके अलावा उन्होंने छोटे किसानों को प्राथमिकता के साथ खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में एपीएस और एनपीके खाद अपनाने की सलाह दी। उनका कहना था कि संतुलित खाद के उपयोग से उत्पादन बढ़ेगा और मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहेगी। बैठक में सेवा सहकारी समितियों पर खाद वितरण व्यवस्था को लेकर पेयजल एवं छाया के इंतजाम किए जाने की हिदायत दी गई। इस मौके पर तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर, नायब तहसीलदार श्रीपत अहिरवार, सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा समेत भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा सुनील खटीक सहित कई समितियों के समिति प्रबंधक उपस्थित रहे।

### अहिरवार समाज ने लिया फैसला

# सामूहिक के बाद अब सामाजिक शराबबंदी प्रारंभ

### पीने-बेचने पर 5 हजार रुपए का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

जिले में संपूर्ण पंचायत और गांब के रूप में सामूहिक शराबवंदी के बाद अब सामाजिक स्तर पर भी शराबवंदी के फैसले लेने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गईं है। पलेरा नगर स्थित रविदास मंदिर प्रांगण में रविवार 26 अक्टूबर को अहिरवार समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें सामाजिक सुधार की दिशा में एक बड़ा और कड़ा कदम उठाते हुए, समाज के समस्त लोगों ने सर्वसम्मति से क्षेत्र में शराब व गांजे का सेवन और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में पलेरा अहिरवार समाज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी समाज के लोग शामिल हुए। समाज द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसार यदि अहिरवार समाज का कोई भी व्यक्ति शराब या किसी अन्य नशीले पदार्थ का सेवन करता या बेचता हुआ पाया जाता है, तो उसे सामाजिक दंड का भागी माना जाएगा। नियम तोड़ने पर कड़ा दंड

प्रस्तावित करते हुए स्पष्ट किया गया है कि विवाह, त्योहार, मंदिर, बाजार या किसी भी अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम में शराब का सेवन करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति पर 5 हजार रुपये का सामाजिक आर्थिक दंड लगाया जाएगा। यदि दोषी व्यक्ति निर्धारित जुर्माना राशि जमा नहीं करता है, तो उसका पूर्ण रूप से सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जो भी व्यक्ति उस बहिष्कृत व्यक्ति से किसी भी प्रकार का संबंध रखेगा या उसे अपने कार्यक्रमों में बुलाएगा, उसे भी दोषी का समर्थक मानते हुए उस पर भी 5हजार रुपए का आर्थिक दंड लगाया जाएगा।

#### शराब पीने को प्रोत्साहन देना भी अपराध

समाज ने इस कुरीति को जड़ से खत्म करने के लिए एक और कड़ा प्रावधान जोड़ा है। यदि कोई व्यक्ति शराब का सेवन करने वाले को किसी भी तरह से प्रोत्साहन देता है तो उस पर भी समाज की ओर से जुर्माना लगाया जाएगा। और जो भी उल्लंघन करने वालों की जानकारी देता है उसे 500 रूपये इनाम के रूप में दिए जाएंगे।

रविदास मंदिर में आयोजित इस बैठक में उपस्थित समाज के सभी लोगों ने हाथ उठाकर इस ऐतिहासिक निर्णय का समर्थन किया और इसे सख्ती से लागू करने का संकल्प लिया।



# जिला पंचायत की जमीन से अवैध मजार ध्वस्त हो

### जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



बजरंग सेना संगठन ने जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर के नेतृत्व मे मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिसमें अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत बिरधा में जिला पंचायत द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें उसी जमीन पर एक वर्ग विशेष द्वारा अवैध मजार का निर्माण कब्जे के तौर पर किया गया है जिसको जिला पंचायत विभाग द्वारा नहीं हटाया गया है इस प्रकरण में समस्त आम जनमानस के साथ सभी हिंदूवादी सनातनी संगठनों में काफी रोष उत्पन्न है और काफी आक्रोश है।

जिला प्रभारी रामकुमार तिवारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आदेश कि प्रदेश से अवैध मजार मस्जिदें हटाई जाए इसका जिला पंचायत ललितपुर पर कोई असर नहीं दिख रहा है जिला प्रशासन द्वारा इसे दरनिकार किया जा रहा है जिला महासचिव जयराम सेन ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि जल्द से जल्द इस अवैध निर्माण को हटाया जाए। बजरंग सेना संगठन ने जिलाधिकारी से निवेदन करते हुए इस अवैध मजार को हटाने के आदेश पारित कर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का अनुरोध किया। ज्ञापन में बताया कि किसी भी परिस्थिति में शासन प्रशासन द्वारा यह अवैध निर्माण नहीं हटाया गया तो बजरंग सेना संगठन द्वारा एक उग्र विशाल आंदोलन किया जाएगा जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर,जिला प्रभारी रामकुमार तिवारी, जिला संयोजक ख़ुसाल समैया, नगर अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक नायक, जिला उपाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी पंडा, जिला महासचिव जयराम सेन,जिला संगठन मंत्री संजू सेन बुढ़वार, जिला संगठन महामंत्री संजय सिंह लोधी, तहसील अध्यक्ष मोनू तिवारी टोरिया, जिला प्रचार प्रसार मंत्री दीपेश उपाध्याय, नगर महासचिव सतीश तिवारी, अनुराग पटेरिया, जय कुमार पंथ, कमलेश पंथ, रमेश कुशवाहा, कल्याण कुशवाहा डोगरा खुर्द, तख़त कुशवाहा डोगरा, आदि सभी सदस्यगण मौजूद रहे।

### कोतवाली सदर का निरीक्षण कर एसपी ने दिए निर्देश

# महिला, बच्चियों को महिला अपराध से जागरुक करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कोतवाली सदर का आकस्मिक निरीक्षण कर परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

एसपी ने कार्यालय/मिशन शक्ति केन्द्र से सम्बन्धित रजिस्टरों को चेक कर, उनका, उचित व व्यवस्थित रख-रखाव हेतु संबंधित को निर्देश दिये। साथ ही मुकदमों से संबंधित लंबित माल का विधिक व निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप निस्तारण एवं सही रख-रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व कोतवाली क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम को नियमित रूप से कॉलेजों, स्कूलों आदि जगहों पर जाकर महिलाओं/बच्चियों को महिला अपराध संबंधी हेल्पलाइन नम्बरों 1090 आदि से जागरूक करने तथा महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन अपने-अपने बीट क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया, जिससे कि महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति को अक्षरश अनुपालन कराया जाये। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत, प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों, सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि की पेट्रोलिंग/पिकेट के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करते हुये चैकिंग के दौरान बिना हेल्मेट, शराब पीकर, फर्राटे भरने वाले आदि वाहन चालकों की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# पांच नवंबर को मनाया जाएगा गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व

**ललितपुर।** श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा ने संयुक्त रूप से बताया कि श्रीगुरुनानक देवजी का प्रकाश पर्व 5 नवंबर दिन बुधवार को श्रद्धा भावना व उत्साह के साथ गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में मनाया जा रहा हैं, जिसमें 11 दिवसीय कार्यक्रम होगें कल 26 अक्टूबर से सुबह 7 बजे से स्त्री साघ संगत द्वारा श्रीसुखमणि साहिब व नितनेम साहिबजी के पाठ प्रारंभ होंगे, जिसका समापन 1 नवंबर को होगा, 1 नवंबर से 5 नवंबर तक श्री अखंड पाठ साहिबजी व 2 नवंबर को सुबह 5.30 बजे से गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा से प्रभात फेरी आरंभ होगी, जो कि नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में समापन होगा। 4 से 5 नवंबर तक सवेरे शाम हजूर साहब नांदेड से पधार रहे ज्ञानी गुरबचन सिंहजी का रागी जत्था कीर्तन कथा द्वारा संगत को निहाल करेगा। 4 नवंबर को श्रीनिशान साहिबजी के चोले की सेवा भी होगी। सभी कार्यक्रमों में सवेरे शाम लंगर की चाय नाश्ते की सेवा भी नत्य चलती रहेगी।

### जांच का इंतजार कर रहा इंटेक चैप्टर

**ललितपुर।** इंटैक ललितपुर चैप्टर के संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि हमारा जनपद अनमोल विरासतों से संबंधित है तथा प्रदेश में दूसरे नंबर पर है यहां की विरासत को बचाने हेतु जनपद के हर नागरिक को सजग रहना होगा तभी हम पूर्वजों की विरासतों को बचाने हेतु सफल हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि जिला प्रशासन जीणोद्धार पर होने वाले व्यय को बहन करने को तैयार है तो दिल्ली से इंटैक विरासत विशेषज्ञों की टीम बुलाकर सर्वे एवं बदहाल स्थिति में स्थित विरासत स्थलों के जीर्णोद्धार को इंटैक ललितपुर चैप्टर तैयार है। इस दिशा में देश के अनेक शहरों में इंटैक ने शानदार कार्य किया है।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती व एक भारत आत्मनिर्भर भारत को लेकर भाजपा की बैठक हुई

# पटेल की जयंती पर कई कार्यक्रम करने पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




भारतीय जनता पार्टी की ललितपुर इकाई ने उच्च नेतृत्व के निर्देश पर चल रहे लोह पुरुष सरदार पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती समारोह अभियान एक भारत आत्मनिर्भर भारत बिषय को लेकर जिला योजना बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपभोक्ता संघ के अध्यक्ष और दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री मा जमुना प्रसाद कुशवाहा उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन जिला उपाध्यक्ष और कार्यक्रम जिला संयोजक धर्मेन्द्र कुमार पाठक ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र ने कहा कि आज इस बर्ष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की एक सौ पचासवीं जयंती समारोह मनाये जाने की तैयारियों को लेकर जिला योजना बैठक का आयोजन किया गया है।

इस अवसर पर उनकी एक सौ पचासवीं जन्मजयंती समारोह के अवसर पर लगातार कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हम लोग सत्ताईस अक्टूबर को युवा सम्मेलन, अट्ठाईस अक्टूबर को महिला सम्मेलन, इक्कतीस अक्टूबर को रन फार यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। इसके अलावा जिले भर के सभी दस सौ तिरेसठ बूथों पर भारतीय जनता पार्टी की बूथ इकाईयों द्वारा सरदार पटैल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जन्मजयंती मनायी जायेगी। इसके अलावा विद्यालयों में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा में विधानसभावार एक ,आठ किलोमीटर तक की यात्रा निकाली जायेगी जिसमें हर दो किमी के बाद पड़ाव होगा जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ समाज के हर वर्ग और छात्रों की भी सहभागिता होगी ।इन कार्यक्रमों के लिए विभिन्न कार्यकर्ताओं को प्रभारी,सह प्रभारी वनाकर दायित्व सोंपे गये हैं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, पूर्व जिला अध्यक्षों, मण्डल अध्यक्षों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के लिए लोकसभा झांसी का संयोजक प्रदीप सरावगी एवं सहसंयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष हरीराम निरंजन को मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों में मण्डल स्तर पर प्रतियोगात्मक सर्जन होना चाहिए ताकि वे एक दूसरे से आगे बढ़ने की चेष्टा में और भी अच्छे ढंग से कार्यक्रम कर सकें। उन्होंने आयोजित होने बाली यात्राओं को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया।श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल जी के उच्च क्रिया कलापों से राष्ट्र ने उन्हें पहले सरदार और फिर लोहपुरुष की भी उपाधि दी गई है। उन्होंने भारत की समस्त रियासतों का एकीकरण का काम किया।

अन्त में मुख्य अतिथि उपभोक्ता संघ के अध्यक्ष जमुना प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि सरदार पटेल हमारे देश के गौरव है । गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान मा नरेंद्र मोदी जी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की विशालकाय प्रतिमा निर्माण का सपना देखा था जो कि मोदी जी के प्रधानमंत्रित्व काल में सन दो हजार अठारह में पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में चिन्हित लोगों का महिमा मंडन किया और बहुत से महापुरुषों की अपेक्षा की लेकिन भारतीय जनता पार्टी इतिहास के पन्नों से इन महापुरुषों को राष्ट्रीय महा फलक पर महिमा मंडन करने और विस्तार देने का काम किया है और इसी श्रृंखला में हम लोग हर बरस लोहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिन को धूमधाम से मनाते हैं और पुण्य तिथि पर समारोह कर याद करने का कार्य करते हैं। अन्त में कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महामंत्री बलराम सिंह लोधी जी ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन,पूर्व अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे हरीराम निरंजन, जगदीश सिंह लोधी एड, सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड, नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष तिवारी एड,जिला महामंत्री महेश श्रीवास्तव भैया, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, जिला उपाध्यक्ष आशीष रावत, हरी सिंह बुंदेला आदि मौजूद रहे।

## खेत बने तालाब खड़ी और कटी पड़ी फसलें डूबने से सदमे में किसान

# आसमान से बरसी आफत की बारिश खेत-खलिहान में ही बर्बाद हुई धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

यूं तो बरसात फसलों के लिए जीवनदायिनी मानी जाती है, लेकिन रविवार को हुई बेमौसत की बारिश किसानों के अरमानों पर आफत बनकर टूटी है। बेमौसम हुई इस बारिश से किसान बुरी तरह बर्बाद हो गया है। खेतों ने चार महीनों तक जिस फसल को अपनी गोद में मां बनकर पाला था उन्हीं खेतों को आफत की बारिश ने फ़सल को बर्बाद कर दिया। दो घंटे तक हुई झमाझम बारिश से खेत तालाब बन गए और खेतों में काटकर रखी गई फसल डूब कर किसानों को बर्बाद कर गई। ऐसी बर्बाद हुई फसलों को देखकर किसान मातम मनाने रोने पीटने के अलावा और कर भी क्या सकते थे यही नजारा रविवार को हुई बारिश के बाद उन गांवों में देखा गया जहां धान की फसल करी गई है।

रविवार की सुबह 7:30 से शुरू हुई बारिश 9:30 बजे तक चली 2 घंटे तक हुई झमाझम बारिश से जहां शहर की सड़के न सिर्फ तरबतर हो गई बल्कि सड़कों पर पानी इतना अधिक भर गया कि दुकानों घुस गया। वहीं बड़ौदा बत्तीसा क्षेत्र में खेतों के भीतर बर्बादी का नजारा देखने को मिला अभी खेतों में धान की फसल कटी हुई पड़ी है ज्ञात हो की श्योपुर विकासखंड में 90 फीसद रकबे में धान की बुवाई की गई है और इस समय धन के कटाई युद्ध स्तर पर चल रही है अधिकतर खेतों में धान के काट कर उन्हें सुखाने के लिए गट्ठर बनाकर उन्हें खेतों में रख छोड़ा है ताकि उनसे बाद में थ्रेसर के माध्यम से धान निकाला जा सके लेकिन उससे पहले ही आसमान से बारिश आफत बनकर बरस गई बारिश भी इतनी अधिक थी कि खेत तालाब बन गए और जो फसल काट कर सुखाने के लिए रखी गई थी वह पानी में डूबकर सड़ गल कर बुरी तरह बर्बाद हो गई। हजारों बीघा के कई खेत ऐसे भी है जहां धान का एक दाना भी नहीं बचा है। बाढ़ का प्रकोप सबसे अधिक श्योपुर मुख्यालय से लेकर बडौदा बत्तीसा क्षेत्र, कानपुर, आवदा क्षेत्र में देखने को मिला है इस पूरे क्षेत्र में न सिर्फ धान की फसल खड़ी थी बल्कि खटाई होकर खेतों में दाने निकालने के लिए छोड़ दी गई थी।



**बंद दुकानों में घुसा पानी दिन भर समान सुखाते दिखे दुकानदार**

बारिश का प्रकोप शहर के भीतर भी देखने को मिला हालांकि शहर में बर्बाद होने के लिए अधिक कुछ नहीं था लेकिन बाजार में नालों से पानी सड़कों पर ओवरफ्लो होकर ऐसा बहा कि दुकानों के भीतर घुस गया। चूड़ी मार्केट, मेन बाजार, तोड़ी गणेश बाजार और पुल दरवाजा क्षेत्र सबसे अधिक जल भराव वाले क्षेत्र थे चूड़ी मार्केट में तो दुकानों के अंदर पानी घुस गया। इतवार होने और बारिश जल्दी होने से दुकान बंद थी जब बारिश खत्म हुई तो दुकान दार दुकानों पर पहुंचे और ताला खोलकर अपने भीगे हुए सामान को समेटा और दिनभर उन्हें सुखाते दिखाई दिए।



**कलेक्टर ने दिए निर्देश खेतों में पहुंचें पटवारी**

अचानक हुई बारिश से किसानों को हुए नुकसान का आकलन करने की के उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा ने संबंधित हल्का पटवारी को अपने-अपने हल्को में पहुंचकर नुकसान का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश के बाद पटवारियों ने अपने अपने हलको में देखे गए।

## एसडीएम और टीआई ग्रामीणों को समझाइश देकर प्रशासनिक टीम को सकुशल लेकर आए

# क्लीनिक सील करने चंद्रपुरा पहुंचे ड्रग इंस्पेक्टर और नायब तहसीलदार को ग्रामीणों ने घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



बड़ौदा थाना क्षेत्र के गांव चंद्रपुरा गांव में संचालित एक निजी क्लीनिक को सील करने के लिए पहुंचे ड्रग इंस्पेक्टर मनीष कुशवाह और नायब तहसीलदार सुरेश राठौर समेत प्रशासनिक टीम को ग्रामीणों ने दुकान को सील करने के साथही घेर लिया। यह टीम तब गांव से सकुशल वापस लौटी,जब यहां एसडीएम गगन सिंह मीणा और बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर पुलिस बल के साथ गांव में पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइस देकर प्रशासनिक टीम को लेकर आए।

दरअसल इन दिनों कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की टीम जिले में संचालित हो रहे प्रायवेट क्लीनिकों की जांच कर रही है और इस दौरान जो क्लीनिक बिना अनुमति संचालित मिल रहे है,उन्हें सील किए जाने की कार्रवाई भी कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को ड्रग इंस्पेक्टर मनीष कुशवाह और नायब तहसीलदार सुरेश राठौर प्रशासनिक टीम के साथ चंद्रपुरा गांव में पहुंचे,जहां उन्होंने एक आयुर्वेद डॉक्टर की निजी क्लीनिक को सील कर दिया। लेकिन जैसे ही यह खबर ग्रामीणों को पता चली,वैसे ही ग्रामीणों की भीड यहां एकत्रित हो गई और ग्रामीणों ने प्रशासनिक टीम को खरी खोटी सुनाते हुए ड्रग इंस्पेक्टर और नायब तहसीलदार को घेर लिया। डॉक्टर के समर्थन में जुटे ग्रामीणों ने इस कार्रवाई का यह कहते हुए विरोध किया कि जो समाजसेवी डॉक्टर आसपास के दर्जनभर गांव के लोगो का समाजसेवी भाव से इलाज कर रहा है,उस डॉक्टर की दुकान को आपने सील करके अनुचित कार्य किया है। जबकि कई बडे निजी अस्पताल बिना अनुमति जिले में संचालित हो रहे है,उनके खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि जैसे ही इस मामले की जानकारी मिली,हम पुलिस टीम के साथ चंद्रपुरा पहुंच गए और ग्रामीणों को समझाइश देकर प्रशासनिक टीम को सकुशल वापस ले आए है।

## केबल चोरी मामले में फरार चल रहा आरोपी भी पकड़ा

# बड़ौदा पुलिस ने धरा जिले में स्मैक की सप्लाई करने वाला सप्लायर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा थाना पुलिस ने एक स्मैक सप्लायर को दबोचने में सफलता हांसिल की है। राजस्थान के कोटा में रहने वाला यह स्मैक सप्लायर बारां के स्मैक तस्कर के माध्यम से स्मैक की सप्लाई श्योपुर और बडौदा क्षेत्र में करता है। पुलिस ने इसे राजस्थान के कोटा से दबिश देकर पकडा है। इसके साथही बडौदा पुलिस ने ट्यूवेबल की केवल चोरी मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को अरेस्ट किया है।

दरअसल इन दिनों पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के द्वारा अवैध नशा कारोबार के खिलाफ पूरी ताकत के साथ कार्रवाई किए जाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में बडौदा थाना पुलिस ने जिले में स्मैक की सप्लाई करने वाला सप्लायर मनोज शर्मा पुत्र स्व शंभूदयाल शर्मा निवासी ईच्छापुरा थाना कोतवाली श्योपुर हाल निवास रंगवाडी कोटा राजस्थान को मुखबिर की सूचना पर दबिश कोटा से पकडा है। बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि यह स्मैक सप्लायर पिछले दिनों राजस्थान के बारां से पकडे गए स्मैक तस्कर चाचा उर्फ लगडा के माध्यम से स्मैक की सप्लाई इस क्षेत्र में करता है। सप्लायर मनोज शर्मा को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। खेतों से केवल चोरी करने के मामले में फरार चल रहे बदमाश हेमू उर्फ हेमराज माहौर निवासी बडौदा को अरेस्ट करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया,जहां से उसे भी जेल भेज दिया गया है। इधर देहात थाना पुलिस ने तीन स्थाई वारंटियों को अरेस्ट किया है। इनमें चौथमल गुर्जर निवासी गांवडी, अमर सिंह मीणा निवासी कनापुर तथा रामसेवक शर्मा निवासी अटेर रोड भिंड शामिल है।



**वीरपुर और देहात पुलिस ने आयोजित किया साइबर जागरूकता कार्यक्रम**

श्योपुर।जिले की वीरपुर और देहात थाना पुलिस ने रविवार को साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। वीरपुर थाना पुलिस ने वीरपुर कस्बे में और देहात थाना पुलिस ने रायपुरा गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचने के टिप्स बताए। साथही यह भी समझाइस दी कि यदि किसी के साथ साइबर धोखाधडी घटित हो जाए तो तत्काल इसकी शिकायत 1930 पर कॉल करके दर्ज कराई जाए।

# कल्चुरी कलाल समाज कल निकलेगा चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

हैहय क्षत्रिय कलचुरी कलाल समाज के इष्ट देवता माने जाने वाले भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती के अवसर पर शहर में मंगलवार को विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। यह जानकारी समाज के जिला अध्यक्ष ने प्रेस नोट जारी कर दी।

हर साल की तरह इस साल भी हैहय क्षत्रिय कलचुरी कलाल समाज अपने इष्ट देवता माने जाने वाले भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती उल्लास पूर्वक मनाएगा। इस दौरान शहर में विशाल जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस खातौली तिराहा स्थित समाज के सामुदायिक भवन से बड़ौदा रोड, पटेल चौक पाली रोड से जय स्तंभ, गांधी पार्क मेन बाजार टोड़ी गणेश बाजार होते हुए जुलूस वापस सामुदायिक पर पहुंच कर संपन्न होगा। इस दौरान समाज के लोगों के लिए अन्नकूट महोत्सव भी आयोजित किया जाएगा।

# भैंस को खेत से भगाने की कहने पर मार दी कुल्हाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम नागदा के हार में रविवार को खेत में फसल को नुकसान पहुंचा रही भैस को भगाने की बात कहने पर विवाद हो गया। विवाद के दौरान नामजद आरोपी ने फरियादी को कुल्हाडी मारकर जख्मी कर दिया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम नागदा निवासी रामअवतार पुत्र गोपीलाल मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार को वह गांव के लख्मी मीणा के खेत पर चारा काटने के लिए पहुंचा था, जहां लख्मी मीणा के खेत में छोटू मीणा की भैस आ गई और फसल को खाने लगी। इस पर छोटू मीणा से भैस को खेत से हटाने की बात कही तो उसने गाली गलौज करते हुए रामअवतार की कुल्हाडी से मारपीट कर दी। जिससे वह जख्मी हो गया। इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में रामअवतार की रिपोर्ट पर छोटू मीणा निवासी जाटखेडा के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कर लिया है।

# अंडरपास में अटकी कम्पाइन मशीन,ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




रविवार को हीरापुरा के पास रेलवे ट्रैक पर बनाए गए अंडर पास में एक कम्पाइन मशीन फंस गई जिस पर ग्रामीणों ने रेलवे विभाग ओर जिला प्रशासन पर गुस्सा निकाला। ज्ञात हो कि इस अंडरपास बनाए जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया था जिसके चलते कुछ दिन ट्रैक का निर्माण बंद भी रहा ग्रामीणों की मांग थी कि अंडर पास के बजाए ओपन पुल निर्माण किया जाए जिससे बड़े वाहनों को गांव के भीतर आने जाने में परेशानी न हो। स्वीकृत डीपीआर के तहत अंडरपास ही बनाया जाना था तब प्रशासन में भरोसा दिलाया था कि अंडरपास इतना ऊंचा मनाया जाएगा जिससे कम्पाइन मशीन भी आसानी से निकल सके लेकिन रविवार को जब गांव में कम्पाइन मशीन पहुंची तो वह अंडरपास में अटक गई।

खेतों में धान की फसल कटने को तैयार खड़ी है और आसमान से आफत बनकर बारिश भी बरसाने को तैयार है। ऐसे में अपनी फसल को बचाने के लिए ग्रामीणों ने मुंह मांगे दाम देकर कंबाइन मशीन को खेतों में खड़ी फसल को काटने के लिए लेकर आए पर मशीन अंडरपास के उस गेट पर उलझ गई जहां से उसे घुसकर गांव में जाना था हालांकि बाद में कंबाइन मशीन का अतिरिक्त स्ट्रक्चर को खोलकर उसकी ऊंचाई कम की गई और उसे अंडरपास गेट से निकाला गया लेकिन यह समस्या हमेशा के लिए बन गई है ग्रामीणों का कहना है कि अभी तो जैसे तैसे कंबाइन मशीन वालों के हाथ पैर जोड़कर गांव में मशीन ले आए लेकिन आगामी समय ऐसा होगा कहना संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों के लिए ब्रॉडगेज की सौगात इस अंडरपास की वजह से दुविधा बन गई है।

# ऋषि पाराशर बने सर्व ब्राह्मण महासभा नवयुवक मंडल के श्योपुर जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



युवा समाजसेवी ऋषि पाराशर सर्व ब्राह्मण महासभा नवयुवक मंडल श्योपुर के जिलाध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। उनका मनोनयन महासभा के जिलाध्यक्ष रामबाबू शर्मा (भूषण) ने महासभा पदाधिकारियों से परामर्श के बाद किया। सर्व ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष रामबाबू शर्मा द्वारा जारी किए गए नियुक्ति पत्र में उल्लेख किया है कि, रविवार को आयोजित हुई महासभा की साधारणसभा बैठक में नवयुवक मंडल की कार्यकारिणी बनाए जाने पर विचार किया गया जिसमें पूर्व से मिले आवेदनों पर सर्वसम्मति से युवा कार्यकर्ता ऋषि पाराशर को नवयुवक मंडल श्योपुर का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर सहमति जताई है। महासभा के जिलाध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को वरिष्टजनो के सहयोग से शीघ्र कार्यकारिणी बनाने के लिए निर्देशित किया है। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष बनने पर पाराशर का उनके इष्ट मित्रों और सजातीय बंधुओं ने उन्हें माला पहनाकर शुभकामनाएं दी।

## गोवर्धन पूजा के साथ शुरू हुआ अन्नकूटों का सिलसिला

# सामाजिक समरसता का प्रतीक बना अन्नकूट सब एक साथ पंगत में बैठकर पाते हैं प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आयोजन प्रधान नगरी श्योपुर में यूं तो साल भर कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं, लेकिन गोवर्धन पूजा के बाद पूरे एक पखवाड़े तक चलने वाला अन्नकूट न सिर्फ एक उत्सवी परंपरा, बल्कि सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बन गया है। जिसमें बिना किसी भेदभाव के सैकड़ों लोग एक साथ पंगत में बैठकर अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण करते हैं। दरअसल पहले अन्नकूट का आयोजन मंदिरों पर आयोजन समिति द्वारा निःशुल्क किया जाता था, लेकिन भीड़ अधिक होने और व्यवस्था बिगड़ने के डर से कुछ वर्षों में इस व्यवस्था में कूपन सिस्टम शुरू किया है।

निर्धारित कीमत पर कूपन वितरण किए जाते हैं, जितने कूपन वितरण होते हैं उतना ही भोजन बनाया जाता है। इस व्यवस्था से अन्नकूट में व्यवस्था बनी रहती है।

गोवर्धन पूजा पर अन्नकूट का विशेष महत्व है। हर घर में गोवर्धन पूजा के दिन अन्नकूट बनाया जाता है। घर—घर में बनाया जाने वाला अन्नकूट धीरे-धीरे घरों से बाहर निकलकर मंदिरों के माध्यम से सार्वजनिक हो गया। बाद में लगातार इसका विस्तार होता गया। लंबे समय तक यह अन्नकूट निःशुल्क भंडारा होता था, लेकिन बढ़ती महंगाई और अन्नकूट में क्षमता से अधिक भीड़ आ जाने की वजह से आयोजकों को परेशानी होने लगी। इस अव्यवस्था से निपटने के लिए आयोजकों ने व्यवस्था में कूपन सिस्टम शुरू कर दिया। 70 से लेकर 200 रुपए तक का कूपन अन्नकूट में प्रसादी पाने के लिए बेचा जा रहा है। कहां अन्नकूट हो रहा है इसकी जानकारी युवा एक—दूसरे से मोबाइल पर शेयर करते रहते हैं। कहां कूपन मिल रहे हैं, कितने में मिल रहे है ये जानकारी मोबाइल पर लेकर अपने मित्रों के सहयोग से कूपन खरीदकर अन्नकूट में भोजन प्रसाद ग्रहण करने जा रहे है। शहर में अन्नकूट युवाओं के लिए सिर्फ भोजन का नहीं बल्कि मनोरंजन का भी साधन हो गया है। जिस तरह लोग बड़े होटलों में भोजन करने जाते हैं, उसी तरह युवा अन्नकूट में कूपन खरीद कर प्रसादी ग्रहण करने जा रहे हैं।



**वाट्सएप ग्रुप पर शेयर हो रही अन्नकूट की जानकारी**

शहर में दीपावली के बाद एक पखवाड़े बाद तक चलने वाले अन्नकूट महोत्सवों के आयोजन अपने आप में अद्वितीय है। अन्नकूट के प्रति लोगों का ऐसा क्रेज है कि युवा तो वाट्सएप ग्रुप पर दिनभर अन्नकूट के बारे में ही पूछताछ करते रहते है। भाई आज अन्नकूट कहां है?, अन्नकूट के कूपन मिलेंगे क्या? कितने का है कूपन?, कूपन कहां मिलेंगे? जैसे सवाल ग्रुप पर युवा शेयर करते रहते हैं।

**श्योपुर के अन्नकूट की पहचान दूर-दूर तक**

दीपावली के ठीक दूसरे दिन गोवर्धन पूजा का त्यौहार मनाया जाता है और इसी दिन अन्नकूट का आयोजन होता है, श्योपुर में अन्नकूट कार्तिक पूर्णिमा तक पूरे एक पखवाड़े तक चलता है और लगभग आधा सैंकड़ा स्थानों पर अन्नकूट महोत्सव मनाया जाता है। यही वजह है कि प्रतिदिन कहीं नहीं बल्कि दो-तीन जगह अन्नकूट होते हैं, जिसमें प्रसाद ग्रहण करने लोगों की भीड़ उमड़ती है फिर चाहे निशुल्क हो या फिर कूपन सिस्टम से। कूपन-शुल्क होने के बाद भी लोग अन्नकूट की प्रसादी पाने के लिए उमड़ते है। लोगों में अन्नकूट की प्रसादी पाने का उत्साह इतना रहता है कि, वह अन्नकूट की प्रसादी पाने के लिए घंटो तक लाइन में भी लगने को मजबूर हो जाते हैं। यही वजह है कि, श्योपुर के अन्नकूट महोत्सव की पहचान दूर-दूर तक है।

# ग्राम खोजीपुरा की दस हेक्टयर भूमि शासकीय घोषित

श्योपुर। न्यायालय अपर कलेक्टर द्वारा वृत्त मानपुर अंतर्गत ग्राम खोजीपुरा की 10.032 हेक्टयर भूमि पर से अवैध नामों की प्रविष्टि विलोपित कर जिल्द बंदोबस्त अनुसार शासकीय दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया है तथा नायब तहसीलदार मानपुर को आदेश अमल कर अभिलेख अध्ययतन करने के लिए निर्देश जारी किये गये है। न्यायालय अपर कलेक्टर रूपेश कुमार उपाध्याय द्वारा पारित आदेश के अनुसार खसरा पंचशाला संवत 2026 से 2030 में ग्राम खोजीपुरा की भूमि सर्वे क्रमांक 359 के दो बंटाकन 359/1 रकबा 8.130 हेक्टयर जंगल गैर मुमकिन एवं 359/2 रकबा 1.902 हेक्टयर कदीम दर्ज है। नायब तहसीलदार के प्रतिवेदन अनुसार खोजीपुरा की भूमि सर्वे क्रमांक 359/1, 359/2 पर कूटरचित तरीके से अवैध प्रविष्टियां की गई है। उक्त मामले में विचार उपरांत ग्राम खोजीपुरा की भूमि सर्वे क्रमांक 359/1 रकवा 1.881 है. पर रामस्वरूप पुत्र पूरणचंद, 359/3 रकवा 1.881 है. पर राधाचरण पुत्र केवल जाटव, 359/4 रकवा 1.986 है. पर बालकृष्ण पुत्र रामस्वरूप, 359/4 रकवा 1.045 है. पर विमला पति कमलेश वैश्य, 359/5 रकवा 1.045 है. पर सरोज पनि महेश वैश्य, 359/6 रकवा 1.881 है. पर अमरीक सिंह पुत्र मुख्यार सिंह, जसवीर सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह जाट, 359/7 रकवा 0.836 है. पर बलजिंदर पनि शुखदेव सिंह जाट, 359/8 रकवा 0.397 हे. पर बलजिंदर कौर पनि सुखविंदर सिंह जाट, 359/2क रकवा 0.627 है. पर बाबू पुत्र सुखचंद जाटव, 359/2ख रकवा 0.637 है. पर रामकिशोर पुत्र सुखचंद जाटव, 359/2ग रकवा 0.637 है. पर जगनू पुत्र सुखदेव जाटव के नाम की अवैध प्रविष्टि विलोपित कर भूमि सर्वे क्रमांक 359 के जिल्द बंदोबस्त अनुसार रकबा 10.032 है. शासकीय दर्ज किये का आदेश पारित किया गया है।

# विजयपुर में धर्मशाला के बाहर से बाइक चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर कस्बे में धर्मशाला के बाहर खडी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी का फिलहाल कोई अता पता नहीं है। पुलिस ने चोरी की एफआईआर दर्ज कर बाइक चोर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि विजयपुर के वार्ड क्रमांक 9 हवलदार गली निवासी भरत गर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत 20 अक्टूबर को वह विजयपुर स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित एक कार्यक्रम में खाना खाने गया था,जहां उसने बाइक को धर्मशाला के बाहर खडा कर दिया और फिर धर्मशाला के अंदर चला गया। खाना खाकर धर्मशाला के बाहर निकला,इतनी देर में कोई चोर उसकी बाइक को चोरी कर ले गया।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत मान सिंह पुत्र खेमा आदिवासी उम्र 55 साल निवासी डुंगासरा ने अपने ही घर के अन्दर अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### तुलावट की मंडी में काम करने के दौरान मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत नई गल्ला मण्डी अशोकनगर में काम करते समय तुलावट लीलाधर पुत्र जगन्नाथ केवट निवासी हिरियन का टपरा की सीने में दर्द होने के बाद जिला अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया लेकिन बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई की

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने की पुलिस ने ग्राम दियाधरी व खिरिया के बीच खेत में चल रहे जुए के अडडे पर छापामार कार्यवाही की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 हजार 6 सौ रूपए और तास की गड्डी बरामद की है। आरोपियों में इन्द्रभान यादव, मनीष राठौर, अमित यादव, अंकित रजक शामिल हैं।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भेरोंगढ़ निवासी लक्ष्मण गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लख्खू आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कमलपुर निवासी संजू बागड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शेर सिंह और जसवंत बागड़ी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बक्सनपुर निवासी राहुल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बलवीर, चन्द्रपाल और प्रतिपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### एनएफएल कंपनी की रैक से यूरिया उर्वरक प्राप्त

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में रबी वर्ष 2025-26 हेतु जिले में एन.एफ.एल. कंपनी की रैक से प्राप्त 2874.5 मेट्रिक टन यूरिया का भण्डारण कराकर कृषकों को वितरण हेतु उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए उप संचालक कृषि अमित भदौरिया ने बताया कि शनिवार को रैक से प्राप्त यूरिया जिले के डबल लॉक केन्द्र अशोकनगर में 400 मेट्रिक टन, डबल लॉक केन्द्र मुंगावली 295 मेट्रिक टन तथा डबल लॉक केन्द्र पिपरई में 294 मेट्रिक टन, एम.पी. एग्रो 104 मेट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है। एन.एफ.एल. रैक से प्राप्त उर्वरक यूरिया जिले की 31 सेवा सहकारी समितियों की मांग अनुसार 982 मेट्रिक टन उपलब्ध कराया गया है। खोरीवरी, छैवलाई, डोंगर, तारई, रांवसर जागीर, कालाबाग, मूडरा बहादरा, तूमैन, कदवाया, झागर बमुरिया, खैजरा कलां, प्राणपुर, रामनगर, हिनोतिया पछार, भैंसरवास, ढाकोनी को 25-25 मेट्रिक टन, अशोकनगर एवं रूसल्ला बुजुर्ग को 50-50 मेट्रिक टन, करख्या, गदूली, बीलाखेडा, भरियाखेडी, हिनोतिया जलालपुर, महिदपुर, कुन्दौरा, बरखेडानई, सिघाड़ा, ईसागढ अमरोद सिंघराना को 36-36 मेट्रिक टन, पिपरई को 46 मेट्रिक टन, मल्हारगढ को 40.50 मेट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया।

### किशोर छत से कूदा, दोनों पैर हुए फैक्चर अस्पताल में भर्ती

**अशोकनगर।** जिले के ग्राम खिरिया दोलन निवासी एक 15 वर्षीय किशोर को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां घायल किशोर के पिता लखन जाटव ने बताया कि मेरा पुत्र घर की छत पर था। उसी दौरान वह छत से मक्का के ढेर पर कूंद रहा था किन्तु वह ढेर पर न गिरकर नीचे जमीन पर आ गिरा। जिससे उसके दोनों पैरों में चोटें आई हैं। घायल के दोनों पैरों में फैक्चर होने कारण जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## तीन जिले होंगे लाभान्वित, दर्जनों ग्रामों को मिलेगी सुविधा

# एक अरब 13 करोड़ की लागत से हो रहा शाढ़ौरा करीला मार्ग का निर्माण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में बड़ी बड़ी सड़कों का निर्माण हो रहा है जिस सड़क की बात यहां की जा रही है वह सड़क शाढ़ौरा से करीला धाम को जोड़ने वाली है। इस 54 किलोमीटर सड़क के निर्माण की कुल लागत 1 अरब 34 करोड़ 93 लाख थी लेकिन 25 प्रतिशत कम में टेंडर स्वीकृत होने के बाद इसकी लागत घटकर अब 1 अरब 13 करोड़ 85 लाख है। इस सड़क के निर्माण से 3 जिले लाभान्वित होगें और दर्जनों ग्रामों को लाभ होगा।

शाढ़ौरा से करीला धाम के लिए जिस सडक का निर्माण किया जा रहा है वह 7 मीटर चैड़ी बनाई जा रही है जिस पर डामरीकरण होगा। सड़क के दोनों ओर ढाई ढाई मीटर के सोल्डर बनाए जा रहे हैं जिन्हे मिलाकर कुल सड़क की चैड़ाई 12 मीटर होगी। जिसे 2 वे के रूपए में बनाया जा रहा है। जिले की मुख्य सड़के भले ही इस स्थिति की न हो लेकिन शाढ़ौरा करीला मार्ग जरूर जिले में एक बेहतरीन मार्ग बनने जा रहा है जिसे जयपुर की सड़क निर्माण कंपनी एलएनए फ्रास्ट्रेक्चर कंपनी द्वारा बनाया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण की 6 फरवरी 2024 को शुरूआत हुई थी और इसका निर्माण दिसम्बर 2026 तक पूरा होना है।

**54 किलोमीटर लम्बी सडक पर 117 बनाई जा रही हैं पुलिया** सड़क निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग के सहायक यंत्री अशोक गुप्ता ने बताया कि 12 मीटर चैड़ी और 54 किलोमीटर लम्बी इस सड़क मार्ग पर 117 पुलियों का निर्माण भी किया जा रहा है जो अपने आप में एतिहासिक है। 16 मध्यम स्तर के ब्रिज बनाए जा रहे हैं। इस सड़क मार्ग का जब अवलोकन किया गया तो कईं स्थानों पर पुलियों का निर्माण होते दिखा, कहीं लाल मुरम की सड़क नजर आई तो कहीं मार्ग पर गिटटी बिछी देखी गई। कईं जगह जहां मुरम और गिटटी का काम पूरा हो गया है वहां पर डामरीकरण भी किया गया है। सभी काम पुलियों से लेकर सड़क तक एक साथ चल रहे हैं। सभी जानते हैं कि इस बार वर्षा लम्बे समय तक चलती रही है और अब निर्माण कार्यों को लेकर नबम्बर से जून तक का समय ही ठेकेदारों और शासकीय एजेसिंयों के पास है। ऐसी स्थिति में इस सड़क के निर्माण को लेकर विभाग के सहायक यंत्री अशोक गुप्ता ने विश्वास जताया है कि वर्षा काल से पहले ही इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।



### सड़क किनारे के अलावा अंदर के गांव भी होगें लाभान्वित

यह सड़क शाढ़ौरा से शुरू हो रही है और मुसायदा, बामौरीताल, ककरूआ राय, पिपरिया राय, मूडरा पठारी, कचनार, सूखा आमखेडा, झितिया, करैया बुद्धु, राजपुर तिगरी, फतेहपुर, खिरिक चाक, पीपलखेडा, मढ़ी बुजुर्ग, दंगलिया, केशलोन, ओझारपुर, शेरपुरा आदि ग्रामों होकर निकलेगी। यह तो वह ग्राम है जो सड़क किनारे के हैं इन ग्रामों को तो सड़क बनने से लाभ मिलेगा ही लेकिन जो गांव आसपास इन ग्रामों से लगे हैं उन सभी ग्रामों को भी एक सड़क के निर्माण से भारी लाभ मिलेगा। यह सड़क लगभग 50 ग्रामों को लाभकारी सिद्ध होगी।

### गुना, अशोकनगर और विदिशा जिले होंगे लाभान्वित

इसके अलावा इस सड़क के निर्माण से पड़ौसी जिला विदिशा जो करीला से लगा है वह भी लाभान्वित होगा तथा शाढ़ौरा से आने वाले मार्ग के अंतर्गत सिन्ध नदी के पुल को पार कर गुना जिले के आरोन से आने वाले वाहन भी इस रास्ते से विदिशा के ओर जाने वाले मार्ग से लाभान्वित हो सकेगें। इस मार्ग से सीधे सिरोंज, विदिशा, भोपाल और गुना पहुंचने में मदद मिलेगी। साथ में करीला में हर रंग पंचमी को होने वाले विशाल मेले में आने वाले 20 लाख लोगों को भी सड़क मार्ग से आने जाने में सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

### 54किमी है लंबा मार्ग

1 अरब 13 करोड़ रूपए की लागत से शाढ़ौरा करीला मार्ग का निर्माण किया जा रहा है यह मार्ग 54 किलोमीटर लम्बा है जिसे 12 मीटर चौड़ाई के रूप में बनाया जा रहा है। यह मार्ग 50 से अधिक ग्रामों को लाभकारी होगा तथा इस रास्ते से सीधे विदिशा, भोपाल, सिरोंज आरोन, और गुना तक आने जाने में मदद मिल सकेगी। इस मार्ग को पूरा करने का प्रयास वर्षा काल से पहले कर लिया जाएगा।

**अशोक गुप्ता सहायक यंत्री,** लोक निर्माण विभाग अशोकनगर

## ईसागढ़ और नईसराय में मौसम का मिजाज बदला

# वर्षा होने से किसानों को राहत उधर मक्का की फसल भीगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के आकाश पर पूरे दिन बादल छाए रहे, शनिवार की सुबह नईसरायं और ईसागढ़ क्षेत्र में अचानक मौसम का मिजाज बदला और बारिस शुरू हो गई। लगभग 1 घण्टे बारिस होती रही, इस वर्षा से खेत तैयार करने वाले किसानों को राहत मिली है उन्हें अब एक पानी का पलेवा नहीं देना पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर वह किसान जिनकी मक्का की फसल तैयार होकर खुले में सूखने पड़ी थी उन किसानों को जरूर परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

जिले में खरीफ की फसलें पूरी तरह कट चुकी हैं कुछ खेत अब भी ऐसे बांकी है जहां मक्का की कटाई होना है। लेकिन 90 प्रतिशत खेतों में मक्का की फसल कट चुकी है। कईं जगह मक्का की फसल के भुटटे के खेतों में ढेर लगे हैं। इन भुटटों से दाने निकाले जाना है। कईं स्थानों पर मक्का के दाने निकाले जा चुके हैं। यह मक्का किसानों के घर द्वार और खेतों में फैली पड़ी है, किसान मक्का की फसल को निकालने के साथ अपने खेतों को भी आगामी फसलों के लिए तैयार करने में लगा है। जिसे लेकर खेतों में जुताई की जा रही है ताकि आगामी फसलों की बोवनी की जा सके। इसी बीच अचानक मौसम बदलने से किसानों को खेत तैयार करने के लिए जो पानी देना था अब वह पानी नहीं देना पडेगा। जिन क्षेत्रों में यह वर्षा हुई है उस क्षेत्र के किसान पानी देने से बच गए हैं उन्हें मुँह मांगी मुराद मिल गई है। लेकिन वह किसान जिनकी मक्का खुले में सूखने पड़ी थी उन्हें पानी बचाव करने के लिए ढकना पड़ा है। जिले के प्रगतिशील कृषक सुरेन्द्र मलावनी ने बताया कि किसानों को खेत तैयार करने के लिए पानी मिल गया है, इससे किसानों को लाभ होगा।

### किसान खेत तैयार करने में जुटे

जिले में ईसागढ और चन्देरी क्षेत्र में वर्षा होने से यह स्थिति बनी है। चन्देरी और ईसागढ़ क्षेत्र में यह वर्षा होने से किसानों के खेतों में पानी भर गया है। खेतों में किसान अब जल्द ही बोवनी करने की तैयारी कर रहे हैं। अशोकनगर शहर में बादल छाए हैं लेकिन बारिस नहीं हुई है जबकि चन्देरी में भी दो दिन पहले बारिस हो चुकी है। इस बार अशोकनगर जिले के लोगों को प्रत्येक माह वर्षा काल से लेकर अब तक बारिस सामना करना पड़ा है। बारिस कब आ जाए पता नहीं है। अशोकनगर जिले में आज दिनांक तक पूरे वर्षा काल को मिलाकर अब तक औसत 882 मिलीमीटर वर्षा की तुलना में अब तक 1464 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। जबकि गतवर्ष 1150 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। वर्षा ने गतवर्ष और औसत वर्षा के आंकड़े को बहुत पीछे छोड़ दिया है। वर्षा का कुल प्रतिशत 166 हो गया है। जिले के अशोकनगर में 1152 मिलीमीटर, चन्देरी में 1721 मिलीमीटर, ईसागढ़ 1479 मिलीमीटर और मुंगावली में 1507 मिलीमीटर वर्षा हुई है। सबसे अधिक वर्षा चन्देरी में हुई है सबसे कम वर्षा चारों तहसीलों की तुलना में अशोकनगर में हुई है। अशोकनगर में वर्षा का प्रतिशत 135.53 है।

# उपजेल पिछोर में विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर आयोजित



**शिवपुरी।** जिले के अंतर्गत पिछोर उपजेल में अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन गतदिवस किया गया।

कार्यक्रम में सिविल न्यायालय पिछोर के न्यायाधीशगण अतिरिक्त जिला न्यायाधीश राजेश कुमार अग्रवाल एवं उनकी पत्नी अग्रवाल मैडम सहित पुत्रगण, जिला न्यायाधीश पिछोर किशोर कुमार गहलोत सहित पुत्र, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पिछोर प्रियंका विश्वकर्मा, अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पिछोर विकास विश्वकर्मा, उपजेल पिछोर के जेलर अमरनाथ कटियार सहित जेल का समस्त स्टाफ एवं विधिक सेवा समिति कर्मचारी धर्मेन्द्र राजोरिया, पैरा लीगल वालंटियर भानु प्रताप, तथा न्यायालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आदि उपस्थित थे। इसके साथ ही विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम के दौरान बंदियों की समस्याओं को सुना गया और उनका समाधान भी किया गया। इसके पश्चात न्यायाधीश अग्रवाल द्वारा अपने पुत्र के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में उपजेल पिछोर में सभी बंदियों को कपड़े एवं मिठाई वितरण की गई एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान जेल में 93 बंदी उपस्थित थे। इन सभी बंदियों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### विद्यार्थियों से साइबर फ्रॉड के तरीकों की जानकारी साझा की



**शिवपुरी।** जिले के भौती थाना क्षेत्र अंतर्गत मनपुरा में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में निरीक्षक मनोज सिंह राजपूत थाना प्रभारी भौंती द्वारा शास. उ.मा. विद्यालय भौंती, ए 3 पब्लिक स्कूल मनपुरा के विद्यार्थियों को साइबर फ्राड जैसे साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं में लोगों को झांसा देना, डराना, और संवेदनशील जानकारी चुराना शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय नुकसान होता है। इनमें डिजिटल अरेस्ट (धोखाधड़ी से डराकर बैंक खाते से पैसे ट्रांसफर करवाना) और फिशिंग (नकली ईमेल या संदेश भेजकर गोपनीय जानकारी हासिल करना) जैसी घटनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, मैलवेयर फैलाना, नकली वेबसाइटें बनाना, और आकर्षक रिटर्न का लालच देकर निवेश कराना भी साइबर धोखाधड़ी की जानकारी से अवगत कराकर जागरूक किया।

# राजस्व अधिकारियों की बैठक में प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह ने दिए हैं। उन्होंने ने विस्तृत रूप से राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग के विभिन्न बिन्दुओं पर राजस्व अधिकारियों से जानकारी ली। जिसके तहत रिकार्ड सुधार, नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, फार्मर रजिस्ट्री, आधार से खसरा लिकिंग, ईकेवायसी आदि बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने समस्त बिन्दुओं के तहत लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन से जुड़े प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने साइबर तहसील, स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारी मैदानी स्तर पर सक्रिय रहते हुए किसानों और नागरिकों से जुड़े कार्यों को संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ संपन्न करें। साथ ही राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति भी समय पर की जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में राजस्व वसूली, आरसीएमएस से जुड़े लंबित प्रकरण, लोक सेवा गारंटी, भू अर्जन, कोर्ट केस, भूमि आवंटन, सीएम मॉनिट, उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों की समीक्षा की गई। फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर चर्चा की गई और इसके महत्व पर जोर दिया गया। यह शासकीय योजना के लाभ प्राप्त करने,संपत्ति स्वामित्व सत्यापित करने, कानूनी विवादों से बचने, बैंक ऋण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और उत्तराधिकार मामलों में सही हस्तांतरण सुनिश्चित करने में मदद करती है।

### जनसामान्य को राजस्व से जुड़े प्रकरणों में परेशानी न हो

उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व से जुड़े प्रकरणों के लिए जनसामान्य को परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अपने हल्कों में चैपाल लगाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने आगामी 01 नवंबर 2025 से तहसील न्यायालयों का निरीक्षण कराये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व अधिकारी अपने न्यायालयों में निर्धारित दिनों पर नियमित सुनवाई करें तथा जिन प्रकरणों की पेशी तय नहीं है, उन्हें भी त्वरित रूप से पेशी पर रखा जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रकरणों के निराकरण में समय-सीमा का पालन अनिवार्य है। उन्होंने रबी की फसल की बोनी के पूर्व सीमांकन के लंबित प्रकरणों में सीमांकन की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर,कमिश्नर कांफ्रेस में राजस्व से संबंधित विषयों, सीएम हाउस से प्राप्त आवेदनों, केन्द्रीय मंत्री से प्राप्त अर्द्धशासकीय पत्रों के जवाब, केन्द्रीय मंत्री के जनसुनवाई कार्यालय से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

### नियमित करें समीक्षा

बैठक में कलेक्टर ने जिले में रबी वर्ष 2025 हेतु खाद भण्डारण एवं वितरण व्यवस्था की नियमित समीक्षा तहसील स्तरीय संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ किए जाने के निर्देश समस्त अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने किसानों को डबल लॉक तथा सोसायटियों के माध्यम से वितरित की जा रही खाद के संबंध में विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों के संचालन एवं खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को दुकानों का निरीक्षण करने पर भी जोर दिया।

## शहर में 2 नवंबर को भव्य चक्रवर्ती शोभायात्रा निकाली जाएगी

# व्यक्ति वहां टूट जाता है जहां जीवन पर अनिष्ट हावी हो जाता है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति वहां टूट जाता है जहां जीवन पर अनिष्ट हावी हो जाता है। जीवन में खतरा हावी होने पर व्यक्ति डर जाता है व्यक्ति पर जब दुखों का पहाड़ टूटता है तो वह सहन नहीं कर पाता। ऐसे में व्यक्ति के टूट जाता है ऐसे में ही जीवन को खतरा रहता है।

उन्होंने कहा कि अच्छी सोच में कोई खतरा नहीं है अच्छे बनने में कोई दिक्कत नहीं है। बुरा बनने में बहुत ख़तरा है तुम दूसरों को मारने गये दूसरों ने मिलकर तुम्हारे लिए ही मार दिया तो क्या करोगे होता ही है। पहले राजा महाराजा युद्ध लड़ने नहीं युद्ध जीतने जाते हैं और अजेय राजा भी कभी कभी युद्ध हार ही नहीं युद्ध हारने के साथ ही प्राण गंवा बैठे। आज सब उद्देश्य को लेकर चलने लगें हमारे यहां कहा गया कि दान के लिए नहीं कमाना। आप ने सोचा कि मुझे इतना पैसा मिल जाए तो मैं इस राशि में से एक भाग देने का सोचा और नहीं कर पाये तो दोष लग जाता है। दान के लिए नहीं कमाना यदि कमाईं हो गई तो मुझे इतना दान देना है। अभी तक तुम ने अनियत विहार और आहार देखा होगा लेकिन आज अनियत प्रवचन भी देख लें। प्रवचन की जगह गांव मन्दिर में कार्यक्रम होना था लेकिन भक्तो का पुण्य यहां खीच लाया।

### सहजता से जीवन व्यतीत करने में कोई कठनाई नहीं होती

उन्होंने कहा कि सहजता सरलता जिंदगी में होना चाहिए सहजता से जीवन व्यतीत करने में कोई कठनाई नहीं है। हिंसा आदि पांच पाप को करने में बहुत ख़तरा है यदि आप ने किसी को मार दिया तो कानून आपको सजा देगा यहां तक फांसी हो सकती है। अहिंसा के साथ जीवन व्यतीत करने में कोई खतरा नहीं है। आप शान्ति से जीवन व्यतीत करने में कोई खतरा नहीं है। अहिंसा में व्यक्ति को कोई धारा नहीं लगती है तो अच्छा जीवन आप निश्चिता से व्यतीत करने में आनन्द ही आनन्द है तो पांच पाप से जीवन को खतरा ही खतरा है। परिग्रह को पाप कहा गया है पांच ब्रतो के पालन में कोई रिक्श नहीं है, रिक्श तो पांच पापों में है। कुल मिलाकर धर्म को हंउआ बना दिया। कोई खतरा नहीं है जैसे जैसे आप धर्म करते जायेंगे खतरा कम होता चला जायेगा। जिस जिस चीज में अनिष्ट की सम्भावना हो उसे छोड़ना है इच्छित वस्तु मिले या नहीं मिले मान मिले या ना मिले लेकिन अपमान नहीं होना चाहिए।

### 2 नवंबर को रथ यात्रा थूवोनजी के लिए प्रस्थान करेगी

जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी के लिए परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में भव्य अति भव्य चक्रवर्ती पदयात्रा का शुभारंभ दो नम्बर को होगा। इस पदयात्रा के चक्रवर्ती वनने का सौभाग्य भगवान के माता-पिता राजेश अमरोद चक्रवर्ती परिवार से विवेक कुमार अक्षम कुमार अमरोद को मिला वहीं थूवोनजी कमेटी के मंत्री प्रदीप जैन रानी कविता जैन वेटी चैलसी सोमैया विशुद्ध जैन रिजोदा पिपरई के साथ अन्य चैबीस परिवार को मिला। जिनका सम्मान सहजता से जीवन व्यतीत करने में कोई कठनाई नहीं होती।